Title: Need to provide adequate funds to State Government of Bihar for all round development of Jahanabad.

श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव (जहानाबाद) : महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जहानाबाद की तरफ दिलाना चाहता हूं। यहां पर ि वकास के अभाव में नक्सलवादी गतिविधियां तेजी के साथ बढ़ रही हैं। इस क्षेत्र को न तो कोई सड़क सुविधा है और न ही कोई विशेष रेल सेवा है और न ही कोई भारी उद्योग है, जिसके कारण नव जवान लोग नौकरी के अभाव में नक्सलवादियों के बहकावे में आ रहे हैं। अगर यहां पर विकास के नाम पर काम किया जाए तो बहुत कुछ सीमा तक नक्सलवादियों को आगे बढ़ने से रोका जा सकता है।

मेरा सरकार से अनुरोधा है कि इस क्षेत्र में नक्सलवादी शक्तियों को रोकने हेतु इस क्षेत्र का विकास किया जाए और अन्य सुविधा जैसे रेल सुविधा, सड़क सुविधा और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाए।